कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला सीहोर, म0प्र0

क्रमांक..................जिव्याउके–सी / वि.सहा. / 2024 / 98 सीहोर, दिनांक 03/09/2024

–: आदेश :–

प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, म0प्र0 भोपाल का आदेश कमांक 2031 / ए–11 / 2024 / वि.स.क. / भोपाल,दिनांक 24.08.2024 द्वारा जिला स्तर पर निवेश को सुगम बनाने, निवेशकों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने एवं निवेश परियोजनाओं को क्रियान्वित / स्थापित करने हेतु आवश्यक जिला स्तरीय अनुमतियां / सम्मतियों / अनुज्ञप्तियों को निर्धारित समयावधि में प्रदान करने के लिए केन्द्रीकृत व्यवस्था निर्मित करने हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय सीहोर में सुगोचर स्थान पर निवेश प्रोत्साहन केन्द्र **(Investment Facilitation Contro)** स्थापित किये जाने एवं निवेशकों के बैठने हेतु उचित, सम्मानीय व्यवसायी एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप अन्य आवश्यक सुविधायें, संचार एवं संवाद के समस्त नवीन संसाधन उपलब्ध कराये जाने के प्रयोजन से श्री आनन्द सिंह राजावत, संयुक्त कलेक्टर जिला सीहोर को जिला सीहोर में निवेश प्रत्साहन केन्द्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

शासन के उपर्युक्त संदर्भित आदेश द्वारा 'निवेश प्रोत्साहन को समर्थन एवं सहायता प्रदान करने, केन्द्र के कार्यकलापों की समीक्षा, केन्द्र के माध्यम से प्राप्त हो रहे आवेदनों / प्रकरणों / समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं निवेश परियोजनाओं के सुगम क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षाता में जिला स्तर पर अन्तर्विभागीय समन्वय हेतु जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति का निम्नानुसार गठन किया गया है :–

1	कलेक्टर, सीहोर	अध्यक्ष
2	वनमण्डल अधिकारी, सीहोर	सदस्य
3	कार्यकारी संचालक / महाप्रबंधक, एमपीआईडीसी, जिला भोपाल	सदस्य
4	परिक्षेत्रीय उद्योग अधिकारी भोपाल	सदस्य
5	महाप्रबंधक, विद्युत वितरण कं0लिमि0 जिला सीहोर	सदस्य
6	सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल	सदस्य
7	जिला श्रमपदाधिकारी जिला सीहोर	सदस्य
8	वाणिज्यकर अधिकारी सीहोर	सदस्य
9	क्षेत्रीय अधिकारी, म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, भोपाल	सदस्य
10	जिला अग्रणी बैक प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया सीहोर	सदस्य
11	जिला खनिज अधिकारी सीहोर	सदस्य
12	मुख्यनगर पालिका अधिकारी (समस्त) जिला सीहोर	सदस्य
13	महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीहोर	सदस्य
14	आवश्यकतानुसार अन्य आमंत्रितगण	सदस्य
15	संयुक्त कलेक्टर जिला सीहोर	सदस्य सचिव

कलेक्टर
जिला सीहोर,